

# लव जिहाद-धर्म बदला, तीन तलाक बोल कर छोड़ दिया

**खास बातें**

- पुलिस ने किया मामला दर्ज, चल रही है जांच
- युवक के अन्य एक और युवती से भी हैं संबंध




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 28 जनवरी,** लव जिहाद के साथ तीन तलाक का मामला सामने आया है. जहां सलीम खान नाम के व्यक्ति ने पहले हिंदू युवती को अपने प्रेम जाल में फसाया और फिर शादी कर उसका धर्म परिवर्तन किया. पीड़ित युवती एक बच्चे की मां बनी तो मुस्लिम व्यक्ति ने किसी और से शादी कर ली. आए दिन प्रताड़ना और मारपीट झेल रही युवती को आरोपी सलीम ने 3 तलाक बोलकर छोड़ दिया. आरोप हैं कि काजी ने युवती का हलाला करने का भी प्रयास किया था. विदिशा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है. युवती के आरोपों के बाद लव जिहाद का मुद्दा चर्चा में है. शिकायत के अनुसार, पहले युवक पर पहचान छुपाकर दोस्ती करने, भावनात्मक रूप से करीब आने और बाद में धोखाधड़ी करने सहित धर्म परिवर्तन करने के बाद तीन तलाक का आरोप लगाया हैं. मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शिकायत के आधार पर कानूनी धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. यह मामला दर्ज किया गया है, शिकायतकर्ता के अनुसार, घटना की अवधि 15 अगस्त 2025 से 26 दिसंबर 2025 के बीच की बताई जा रही है. वहीं, पुलिस को इसकी सूचना 23 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे प्राप्त हुई. शिकायत में आरोप लगाए गए हैं कि पीड़िता को लंबे समय से मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85 और 351(3) सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर मुकेश ठाकुर को सौंपी गई है. पुलिस का कहना है कि शिकायतकर्ता के बयान, दस्तावेज़ और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई है.फिलहाल पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है, जांच पूरी होने के बाद आगे की कठोर कार्रवाई की जा सकेगी है. पुलिस का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार का लिया गया है, और हर पहलू की निष्पक्ष जांच की जा रही है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक-युवती के बीच संबंध, बातचीत, दस्तावेज़ और डिजिटल साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है....फिलहाल पुलिस जांच जारी है और जांच के बाद ही गिरफ्तार आरोपी पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. वही पीड़ित युवती ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है.

### घर वालों के खिलाफ जाकर युवती ने की थी शादी

बताया गया कि युवती और युवक की मुलाकात वर्ष 2021 के पहले हुई इसी दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया. इसके बाद 15 अगस्त 2021 को दोनों ने शादी कर ली बताया गया कि युवती ने घरवालों की मर्जी के बाहर जाकर शादी की थी जिसके बाद दोनों ने शहर छोड़ दिया. इसी बीच सामने आया कि युवक का किसी और लड़की से अफेयर है जिसकी जानकारी युवती को लगी तो दोनों के बीच विवाद होने लगा.पुलिस इस मामले में युवती और युवक से जुड़ी तमाम जानकारी जुटा रही है.

# बेटा कर लेता है पूरी पेंशन पर कब्जा, पुलिस से मिली राहत

**पुलिस पंचायत में बुजुर्गों को मिला न्याय और राहत**

**घुटनों की गंभीर तकलीफ के बावजूद ऊपर के कमरे में रहने को मजबूर बुजुर्ग दंपती**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 28 जनवरी,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक बुधवार को हुई. जिसमें एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति रहे. बैठक में पंचायत कोर कमेटी सदस्य आर एल. कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, विनोद शाह, डीके. वाजपेयी, अजय टंडन, अतुल शाह एवं डॉ. सचिन गर्ग उपस्थित रहे. सीनियर सिटीजन आवेदिका द्वारा शिकायत की गई कि उनके शासकीय कर्मचारी पति की मृत्यु के पश्चात मिलने वाली पेंशन ही उनके जीवन यापन का एकमात्र साधन है, किंतु उनका पुत्र पेंशन निकालने के दौरान बैंक साथ जाता है तथा पेंशन पर अनुचित रूप से अधिकार जमाता है. सुनवाई के दौरान पुत्र द्वारा यह तर्क दिया गया कि वह अपनी माँ को पेंशन का गलत उपयोग करने से रोकने का प्रयास करता है. पुलिस पंचायत द्वारा दोनों पक्षों को विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया गया कि शासकीय सेवा से अर्जित पेंशन पर वैधानिक अधिकार केवल कर्मचारी एवं उसकी पत्नी तक ही सीमित होता है, पुत्र का इस पर कोई अधिकार नहीं है. पंचायत द्वारा यह भी बताया गया कि आवेदिका के मकान एवं आय पर पूर्ण अधिकार उनका स्वयं का है तथा किसी प्रकार का अनावश्यक हस्तक्षेप अनुचित है. पंचायत की समझाइश एवं मार्गदर्शन के पश्चात पुत्र ने अपनी गलती स्वीकार की और भविष्य में अपनी माँ को किसी भी प्रकार से परेशान न करने का संकल्प लिया.

### गिरवी रखी गई चांदी को लेकर वर्षों पुराना विवाद समाप्त

विदिशा निवासी एक वरिष्ठ नागरिक द्वारा शिकायत की गई कि उनके द्वारा लगभग 1 किलो 350 ग्राम चांदी एक व्यक्ति के पास गिरवी रखी गई थी, जिसे वह चांदी के भाव बढ़ जाने के कारण वापस करने से इंकार कर रहा है. पुलिस पंचायत में दोनों पक्षों की उपस्थिति में सुनवाई की गई.आवेदक द्वारा स्वीकार किया गया कि चांदी के एवज में 90 हजार की राशि देना शेष है. अनावेदक द्वारा उक्त राशि प्राप्त होने पर चांदी लौटाने पर सहमति व्यक्त की गई. इस प्रकार पंचायत के परामर्श से वर्षों पुराने गिरवी विवाद का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया. मुरवास निवासी एक वरिष्ठ नागरिक द्वारा शिकायत की गई कि उनका बड़ा पुत्र एवं पुत्रवधू लगातार झगड़ा, मारपीट एवं मानसिक प्रताड़ना करते हैं तथा जानवर बाँधने से भी रोकते हैं. वहीं, अनावेदक पक्ष द्वारा भी पिता एवं भाइयों पर झूठी शिकायतें दर्ज कराने के आरोप लगाए गए. पुलिस पंचायत के समक्ष दोनों पक्षों के बीच लंबी सुनवाई की गई, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि निरंतर विवाद एवं पुलिस थानों में शिकायतें दर्ज कराने से सभी पक्ष मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से परेशान होंगे. पंचायत की समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने आपसी विवाद समाप्त कर शांति एवं सौहार्द से जीवन यापन करने तथा भविष्य में अनावश्यक विवाद न करने पर सहमति व्यक्त की.



## मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमि. द्वारा मेधावी छात्रा अंजली यादव ग्राम पाटन को कक्षा 10 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया. इस दौरान रामपदम धाकड़, अमित कश्यप, रोहित यादव, भूपत मीणा सहित चितावर स्कूल के शिक्षक, ग्रामीण मौजूद रहे.

## 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित होगा सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** समाज की मजबूती केवल मंचों से नहीं, घर-घर पहुंचने वाले संवाद से बनती है इसी भाव के साथ रघुवंशी समाज ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन और करियर काउंसलिंग में सहभागिता को लेकर जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया. व्यक्तिगत संपर्क के अलावा समाज जनों के बीच व्यक्ति संपर्क के अलावा सोशल मीडिया के जरिए सम्मेलन में आमंत्रित किए जाने के लिए संदेश पहुंचाया जा रहा है. विदिशा रघुवंशी समाज के आवाहन पर जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन और करियर काउंसलिंग 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित किया गया है. पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में जिलेभर से एक हजार समाज जनों की सहभागिता होगी.

समाज के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी (रामजी) के साथ समाज जनों ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर सम्मेलन में शामिल होने के लिए समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में विदिशा सम्मेलन में शामिल होने आग्रह किया.यह सम्मेलन 1 फरवरी 2026 को विदिशा में आयोजित होगा.जनसंपर्क के दौरान सम्मेलन के उद्देश्य, पंजीकरण प्रक्रिया और आयोजन की रूपरेखा समाजजनों को समझाई गई.साथ ही यह भी बताया गया कि यह आयोजन केवल युवक युवतियों के वैवाहिक परिचय और करियर काउंसलिंग का मंच नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और विश्वास को मजबूत करने की पहल है।उन्होंने कहा कि जब समाज अपने बच्चों के भविष्य के लिए एकजुट होकर निर्णय लेता है, तब उसका असर आने वाली पीढ़ियों तक जाता है.अभियान के दौरान कई परिवारों ने मौके पर ही पंजीकरण कराने की सहमति दी और अन्य समाजबंधुओं को भी जोड़ने का भरोसा दिलाया.वातावरण में अपनापन और विश्वास का भाव स्पष्ट नजर आया. समाजजनों का कहना था कि ऐसे आयोजनों से आपसी संवाद बढ़ता है और बिखराव की जगह एकता मजबूत होती है.



## साकेत एमजीएम में पेयजल परीक्षण एवं मानव स्वास्थ्य कार्यशाला संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** साकेत एमजीएमसी से स्कूल में पेयजल एवं मानव स्वास्थ्य हेतु जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. आरएन शुक्ला, पूर्व विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान, सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट रहे.इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले पेयजल के नमूनों का परीक्षण कराया गया. परीक्षण में कुल कठोरता का निर्धारण कम्प्लेक्सोमेट्रिक विधि से, क्लोराइड का अर्जेटोमेट्रिक विधि से, अम्लीयता एवं क्षारीयता का न्यूट्रलाइजेशन अनुमापन विधि से तथा फ्री क्लोरीन का परीक्षण ऑर्थो-टोल्यूइन विधि से विद्यार्थियों द्वारा कराया गया.परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नगर पालिका द्वारा सप्लाई किए जाने वाले 30 पेयजल नमूनों में क्लोरीन की उपयुक्त मात्रा मौजूद थी, जो एक शुभ संकेत है. डॉ. अमित देवलिया ने पेयजल में जैविक ग्राम-नेगेटिव एवं ग्राम-पॉजिटिव बैक्टीरिया से होने वाली जलजनित बीमारियों की जानकारी दी तथा जल उपचार की प्रक्रिया को समझाया.संस्था के डायरेक्टर ने पर्यावरण में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पेयजल की शुद्धता पर विशेष बल दिया ताकि मानव स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और बीमारियों पर नियंत्रण किया जा सके.

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने सुनीं जनसमस्यायें

**ओलावृष्टि के सर्वे में भ्रष्टाचार करने वालों को दी सख्त चेतावनी**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी के प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने बुधवार को साप्ताहिक जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों और हितग्राहियों की समस्याओं को सुना.इस दौरान अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया और शेष प्रकरणों हेतु संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए.**

अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री कैलाश रघुवंशी ने बताया कि वह विगत डेढ़ माह से साइटिका की गंभीर समस्या से ग्रसित हैं. डॉक्टरों द्वारा उन्हें पूर्ण विश्राम की सलाह दी गई है, किंतु जनसेवा के संकल्प के कारण वे आज जनसुनवाई में उपस्थित हुये. अत्यधिक शारीरिक कष्ट के चलते वे केवल दो घंटे ही बैठने में समर्थ हो सके. जनसेवा के प्रति उनकी यह प्रतिबद्धता दर्शाती है कि क्षेत्र की जनता का हित उनके लिए सर्वोपरि है.बीती रात जिले के कई ग्रामों में हुई ओलावृष्टि पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री रघुवंशी ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में अध्यक्ष जी और हम पूरी तरह किसानों के साथ हैं. उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया है कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए.उन्होंने स्पष्ट किया कि ओलावृष्टि के मुआवजे और सर्वे में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसानों के हक पर डाका डालने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.श्री रघुवंशी ने आगे कहा कि स्वास्थ्य कारणों से अध्यक्ष प्रतिनिधि का फिलहाल मौके पर जाना संभव नहीं हो पा रहा है, परंतु शासन-प्रशासन की हर गतिविधि पर हमारी पैनी नजर है. यदि किसी भी पीड़ित व्यक्ति को लगता है कि उसके साथ अन्याय हो रहा है, तो वह सुबह 11 बजे के पश्चात अध्यक्ष निवास पर आकर सीधे अपनी समस्या बता सकता है. हर गरीब और किसान को न्याय दिलाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है.



## जॉयफुल माइंड्स एट जॉयफुल सेमिनार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** स्थानीय सेंट मेरी पीजी कॉलेज विदिशा एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 28 जनवरी को संस्था संचालक फादर सिंटो के मार्गदर्शन में आनंदमयी एवं ओजस्वी कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसके प्रमुख विशेषज्ञ दिल्ली से ज्यादा शेखर एवं सूश्री अमीषा राफेल रहे.इस कार्यशाला का शुभारंभ संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गिस के कर कमलों द्वारा किया गया. अतिथियों का स्वागत संस्था डीन फादर जोवी , सिस्टर प्रभावती द्वारा किया गया. अपने उद्बोधन में फादर शिंटो ने विद्यार्थियों को इस तरह के सेमिनार द्वारा अपना ध्यान केंद्रित करने, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और साइबर सिक्योरिटी के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया.इस कार्यशाला में छात्रों को कई प्रेरणासपद एवं शिक्षाप्रद लघु स्टोरी के माध्यम से प्रबोधित किया गया, साथ ही कई गेम्स द्वारा उनके ध्यान को आकर्षित किया गया.छात्रों को मेंटल हेल्थ,साइबर सिक्योरिटी, व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित विशेष वक्तव्य, कहानी के माध्यम से प्रेरित किया. वर्तमान स्थिति में युवा जिस तरह से अपने अभिभावक एवं शिक्षक आदि के प्रति उदासीन भावना रखते हैं उसके बचाव के लिए नैतिक दायित्व से अवगत कराया. कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर दीपा राठौर एवं आभार डीन फादर जॉबी द्वारा ज्ञापित किया गया.संगोष्ठी में छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे.

शुभ हो आपकी हर सुबह,
हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड
आई फोन

**ज्ञापन**

**यूजीसी बिल के विरोध में सड़क पर उतरे सवर्ण, काली पट्टी बांधकर दिया ज्ञापन**

# सवर्ण समाज हुआ लामबंद, यूजीसी बिल के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा/ गंजबासौदा 28 जनवरी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के द्वारा लागू किए गए उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026 का विरोध देशभर में सामान्य वर्ग के द्वारा किया जा रहा. प्रदेश सहित देश के कई राज्यों तक इस मुद्दे की गूंज सुनाई दे रही है. तो वही देशभर के सवर्ण समाज ने इस नियमावली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.**

जहां सरकार इसे समानता बढ़ाने और जातिगत भेदभाव समाप्त करने की पहल बता रही है.वहीं, विरोध करने वालों का कहना है कि यह नियम बड़े पैमाने पर असमानता को बढ़ावा देने वाला है. इस मसले को लेकर केंद्र सरकार पर राजनीतिक और सामाजिक दबाव लगातार बढ़ रहा है. यूजीसी बिल के विरोध के क्रम में सकल सामान्य समाज के अह्वान पर नगर के सवर्ण समाज की एक बैठक स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में बुधवार को आयोजित की गई. जिसमें सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने एकमत से यूजीसी बिल वापिस न होने तक आंदोलन का संकल्प लिया एवं स्पष्ट किया कि दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होना चाहिए, लेकिन नियम बनाते समय सामाजिक संतुलन का ध्यान रखना जरूरी है. नया नियम सामान्य वर्ग के उत्पीड़न का माध्यम बन सकता है.



### काली पट्टी बांधकर निकाली रैली, दिया ज्ञापन

बैठक उपरांत सभी की बाह पर यूजीसी बिल पर विरोध जताते हुए काली पट्टी बांधी गई और धर्मशाला से सैकड़ों से अधिक संख्या में पैदल मार्च व विरोध में नारेबाजी करते हुए जय स्तंभ चौक प्रदर्शन किया.बताया गया कि वर्तमान में जो यूजीसी बिल 2026 लाया जा रहा है। उसमें सामान्य वर्ग के छात्रों को किसी भी प्रकार का संरक्षण नही दिया गया है। जिससे भविष्य में इस कानून के दुरूपयोग होने की संभवना है. इस बिल से सामान्य वर्ग के छात्रों में भविष्य को लेकर चिन्ता है. यदि यह बिल आया तो यह समाज में जातिगत भेदभाव फैलाएगा. विश्वविधालय परिसर राजनिति का अड्डा बन जाएगा. मांग है कि यूजीसी बिल 2026 को अविलंब वापिस लिया जाए। इसके साथ ही आगामी 1 फरवरी को यूजीसी बिल के विरोध में नगर बंद का आह्वान सवर्ण समाज एकता मंच के द्वारा किया गया है.

### यूजीसी के नये नियमों का किया विरोध

सिरोंज, यूजीसी के नये नियमों को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे विरोध प्रदर्शनों की कड़ी में सिरोंज में भी बुधवार को सकल सवर्ण समाज सिरोंज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया. इस दौरान सकल सवर्ण समाज सिरोंज के तत्वाधान में शहर में एक वाहन रैली निकालकर महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान यूजीसी के नये नियमों के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए इनको वापस लेने की मांग की गई. सकल सवर्ण समाज सिरोंज के तत्वाधान में विभिन्न संगठनों के लोग स्थानीय शीतला माता मंदिर कठाली बाजार पर एकत्रित हुए. जहां से वह वाहन रैली के रूप में स्थानीय तहसील कार्यालय पहुंचे. जहां पर उन्होंने यूजीसी के नए नियमों के विरोध में काला कानून वापस लो के नारे लगाते हुए इसको वापस लेने की मांग की. यूजीसी जैसा काला कानून लाकर इस वर्ग को प्रताड़ित करने का कार्य किया गया है. इससे सवर्ण समाज भारी आक्रोश में है. सवर्ण समाज के बच्चों के भविष्य पर भी कुठाराघात है.

### मंत्री दिया दिलासा, उचित मंच पर रखेंगे बात

प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भोपाल से कुरवाई कोटा बैराज के निरीक्षण के लिए जा रहे थे. इस दौरान विदिशा के विवेकानंद चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया. भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज कटारे और अतुल तिवारी व उनके साथियों ने मंत्री तुलसी सिलावट को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया. इसी दौरान विवेकानंद चौराहे पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी कानून का विरोध दर्ज कराया. संगठन के पदाधिकारियों ने मंत्री तुलसी सिलावट के समक्ष अपनी बात रखते हुए यूजीसी कानून को स्वर्ण समाज के खिलाफ एकतरफा बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की. कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कानून समाज के हितों के विपरीत है और इससे असंतोष बढ़ रहा है. मंत्री तुलसी सिलावट ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और उचित मंच पर विषय रखने का आश्वासन दिया.

## राजीव मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ वार्षिक सांस्कृतिक

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**, स्थानीय राजीव मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ.कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया.समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद चौरसिया रहे.कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ए. के. जैन, प्रांतीय अध्यक्ष मानव अधिकार स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संगठन ने की. विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ इंकॉ नेता एवं पत्रकार सौदान सिंह यादव, समाजसेवी हरी बाबू अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती दिव्या चौरसिया तथा संस्था सचिव श्रीमती मंजू निर्मल जैन उपस्थित रहीं सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया.

मुख्य अतिथि श्री चौरसिया ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों से आह्वान किया कि बाल्यकाल को पूर्ण रूप से शिक्षा के लिए समर्पित करें तथा अपनी समस्त इंद्रियों का उपयोग अध्ययन में लगाएँ.उन्होंने विद्यार्थियों को देश का भावी कर्णधार बताते हुए अनुशासन एवं परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला.अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. ए. के. जैन ने संस्था, शिक्षक एवं पालकों के समन्वय को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार बताया. कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक श्री रामसेवक कुर्मी ने किया. संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य श्रीमती कविता अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया.

## सर्दियों में बुजुर्गों की अधिक मौतें

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** इस वर्ष कड़ाके की अधिक ठंड पड़ने के कारण बुजुर्ग लोगों की अधिक मौतें हुई हैं.इससे पहले सर्दियों में इतनी मौतें कभी नहीं हुई.हार्ट अटैक एवं नशे का उपयोग करने वाले भी मौत के मुंह में समाहित हुए हैं और भी अन्य कारण बने हैं.कुछ लोगों ने सर्दियों में लापरवाही की है.अधिक ठंड की परवाह नहीं की और कुछ गरीब लोग गर्म कपड़े के अभाव में अपने जीवन से हाथ धो बैठे नगर में भंडारे तथा अन्य बड़े कार्यक्रम चलते रहे.लाखों रुपए खर्च किए गए.परंतु गरीबों की चिंता नहीं की अगर उन्हें गर्म कपड़े और इलाज हो जाता तो वह बच भी सकते थे.

## एडीएम ने फसल क्षति का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** सिरोंज तहसील क्षेत्र में हाल ही में हुई बारिश से प्रभावित गांवों में प्रशासन द्वारा स्थिति का आंकलन किया जा रहा है. इसी कड़ी में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बुधवार को ग्राम ललितपुर, बामोरीशाला एवं सनोटी का स्थलीय भ्रमण कर फसलों और अन्य नुकसान का जायजा लिया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की तथा फसल क्षति की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की. अपर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित सर्वे कार्य पूर्ण कर नुकसान का सही आकलन किया जाए, ताकि पात्र किसानों को शासन के प्रावधानों के अनुसार राहत प्रदान की जा सके.उन्होंने यह भी कहा कि जिन ग्रामीणों की अन्य सामग्री या संपत्ति को क्षति हुई है, उसका भी पृथक आकलन किया जाए. उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है और राहत प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी नहीं होने दी जाएगी. प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. जिससे प्रभावित किसानों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके.